दिन– शुक्रवार | दिनांक– 06 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सेवनिवृत्त लेफ्टीनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल बनाया। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव नगालैंड के राज्यपाल होंगे।

02. बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की आज होगी जांच। सोलह मार्च को होगा मतदान।

03. ग्रामीण विकास मंत्रालय आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है।

04. और, भारत आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में पहुंच। रविवार को फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपाल की नियुक्ति की है। सेवनिवृत्त लेफ्टीनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां का स्थान लेंगे। इधर, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव को नगालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया है। श्री रवि पटना जिले के बिहटा के मूल निवासी है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

बिहार की पांच समेत देश की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान सोलह मार्च को होगा। परिणाम उसी दिन घोषित किये जाएंगे। बिहार की पांच सीटों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कुल छह उम्मीदवारों ने नामांकनपत्र दाखिल किया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश महासचिव शिवेश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। वहीं, राजद की ओर से सांसद अमरेन्द्रधारी सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। छह उम्मीदवारों के मैदान में होने से मतदान होना तय हो गया

है। एक उम्मीदवार को जीतने के लिए एकतालीस विधायकों की समर्थन की जरूरत है। संख्या बल के आधार पर एनडीए के चार उम्मीदवारों की जीत तय है। जबकि पांचवें उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा को जीत के लिए तीन और विधायकों का समर्थन मिलना जरूरी होगा। वहीं, राजद को जीत के लिए महागठबंधन के पैंतीस विधायकों के साथ ही एआईएमआईएम के पांच और बसपा के एक विधायक का वोट प्राप्त होना जरूरी है।

सविता पारीक आकाशवाणी समाचार पटना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो काफ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख सेक्टर– कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीवकिा पर विचार–विमर्श होगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, दो हजार पच्चीस के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का लक्ष्य युवाओं को इस पहल के केंद्र ने रखकर प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके। अभियान के अंतर्गत, पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की शार्ट वीडियो, रील या एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता 'साठ सेकंड फॉर माई विलेज' भी आज से शुरू की जा रही है। प्रतियोगी माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

---

आठवें केंद्रीय वेतन आयोग ने सेवारत कर्मचारियों और पेंशनभोगी संगठनों, संस्थानों और इच्छुक व्यक्तियों सहित हितधारकों से ज्ञापन और अभ्यावेदन आमंत्रित किए हैं। आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसका प्रारूप उपलब्ध कराया है। उसने कहा है कि अभ्यावेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल पर ही स्वीकार किए जाएंगे और कागजी प्रतियां, ईमेल या पीडीएफ स्वीकार्य नहीं होंगे। आयोग ने हितधारकों से तीस अप्रैल दो हजार छब्बीस तक अपने ज्ञापन जमा करने को कहा है।

---

नेपाल में शांतिपूर्ण आम चुनाव सम्पन्न होने के बाद मतगणना जारी है। कल हुये चुनाव में साठ प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। हमारी संवाददाता ने बताया है कि आज नतीजे आने की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई — पश्चिम एशियाई क्षेत्र ने इस महीने की सात से ग्यारह तक होने वाली दसवीं की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस महीने की दो, पांच और छह तारीख की दसवीं की परीक्षाएं भी रद्द की गई हैं। मध्य पूर्व में दसवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा के बारे में अलग से सूचना दी जाएगी। इस महीने की सात तारीख को होने वाली बारहवीं की परीक्षा भी स्थगित कर दी गयी है। सीबीएसई ने बताया कि संशोधित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। परीक्षा बोर्ड कल वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेगा और नौ मार्च से निर्धारित परीक्षाओं के बारे में समुचित निर्देश जारी करेगा। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अपने स्कूलों से लगातार संपर्क बनाए रखने और आधिकारिक घोषणाओं का पालन करने को कहा गया है।

———————————————————————————

नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि भारत में कल घरेलू विमानन कंपनियों की कुल दो सौ 81 उड़ानें रद्द हुईं। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर बारीकी से नज़र रखी जा रही है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए चौबीस घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अब तक कुल एक हज़ार चार सौ इकसठ शिकायतों का निपटान किया गया है। यात्री, हेल्पलाइन नंबर 0 1 1—2 4 6 0 4 2 8 3 और 0 1 1—2 4 6 3 2 9 8 7 पर संपर्क कर सकते हैं।

———————————————————————————

रेलवे ने होली पर्व के बाद यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुये विशेष तैयारी की है। विभिन्न शहरों में काम पर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए पटना और दानापुर स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। दानापुर रेल मंडल द्वारा वार रूम के माध्यम से चौबीस घंटे स्टेशनों पर भीड़ की निगरानी की जा रही है। भीड़—भाड़ वाले स्टेशनों पर टीटीई, आरपीएफ और अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती की गयी है। रेल प्रशासन की ओर से नियमित ट्रेनों के अलावा नौ फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से पटना से राजगीर, पुरी और नई दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन चलायी जा रही है। वहीं, दानापुर से लोकमान्य टर्मिनल, पुणे, बेंगलुरू और चरप्पली के लिए भी स्पेशन ट्रेन चलायी जा रही है।

———————————————————————————

भारत आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में पहुंच गया है। कल रात मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में मेजबान भारत ने इंग्लैंड को सात रन से हरा दिया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

---

राजधानी पटना सहित प्रदेशभर के मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। दिन और रात के तापमान में एक से दस डिग्री सेल्सियस तक का अंतर देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतर स्थानों का तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी में अधिकतम तापमान तैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

गन्ना यंत्रिकरण योजना के तहत गन्ना किसानों के लिए मशीन खरीदने के समय सीमा को उन्नीस मार्च तक बढ़ा दिया गया है। तीसरे और चौथे रेंडमाईजेशन के तहत चयनित गन्ना किसान अब विस्तारित तिथि तक यंत्रों की खरीद कर सकते हैं। इससे पहले यह तिथि तीन मार्च तक निर्धारित थी।

---

खान एंव भू–तत्व विभाग ने राजस्व वसूली की धीमी गति के मामले में बारह जिलों को नोटिस जारी किया है। इनमें पटना, मुंगेर, शिवहर और रोहतास समेत अन्य जिले शामिल हैं। इन जिलों का लक्ष्य के मुकाबले वसूली का प्रतिशत पच्चीस से चौवन प्रतिशत के बीच पाया गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राज्यसभा में नामांकन और मुख्यमंत्री पद छोड़ने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– राज्यसभा जाना मेरी दिली इच्छा। मुख्यमंत्री पद छोड़ने का फैसला लिया।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– राज्यसभा जायेंगे नीतीश, बिहार को मिलेगा नया सीएम।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— नीतीश के राज्यसभा जाने पर जदयू ऑफिस में हंगामा।

प्रभात खबर लिखता है— होली के अड़तालीस घंटे में बदल गयी बिहार की सियासत। डिप्टी सीएम के रूप में निशांत की हो सकती है राजनीति में इंट्री।

आज अखबार का शीर्षक है— भारत टी—ट्वेंटी विश्वकप के फाईनल में, न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सेवनिवृत्त लेफ्टीनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल बनाया। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव नगालैंड के राज्यपाल होंगे।

02. बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्रों की आज होगी जांच। सोलह मार्च को होगा मतदान।

03. ग्रामीण विकास मंत्रालय आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है।

04. और, भारत आईसीसी टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में पहुंच। रविवार को फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।